खबर संक्षेप

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल अटेली में लड़कों व लड़कियों की विभिन्न प्रकार की जिला स्तरीय प्रतियोगिता करवाई गई थी, जिसमें जिलेभर अनेक स्कूल के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें उनके स्कूल से लड़कियों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में नताशा पुत्री रणजीत सिंह ने 800 मीटर रेस में प्रथम, हर्ष पुत्र रणजीत सिंह ने अंडर-14 आयुवर्ग में आयोजित दौड़ में प्रथम, अमित ने अंडर-19 आयुवर्ग में आयोजित 800 मीटर दौड़ में प्रथम रहा।

## यदुवंशी कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी आयोजित

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज एक भव्य पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

## गढ़ी रुथल में 1 दिवसीय किसान मेला आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गढ़ी रुथल के मंदिर में पांच सितंबर को 11 बजे एक दिवसीय किसान मेंला आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र महेंद्रगढ़ से वैज्ञानिकों द्वारा फसलों से संबंधित जानकारी दी जाएंगी व कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न स्कीमों की जानकारियां दी जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद ब्लॉक समिति अध्यक्ष अटेली नांगल व संजय गोयल रहेंगे। मेले में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### डीटीपी की कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में खलबली

# धारूहेड़ा में दो स्थानों पर सात एकड़ पर बनाए गए अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

- भारी पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी।

डीटीपी की टीम ने वीरवार को धारूहेड़ा क्षेत्र की राजस्व सीमा में दो स्थानों पर अवैध रूप से विकसित हो रही लगभग 7 एकड़ की अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

डीटीपी की इस कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने व कॉलोनियां काटने वाले लोगों में खलबली मच गई। डीटीपी ने बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित करने वाले व प्लॉटिंग के बाद निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की हुई है। वीरवार को डीटीपी की टीम जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ धारूहेड़ा क्षेत्र में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने पार्श्वनाथ सिटी के पीछे करीब 3 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में 4 डीपीसी, 2 चारदीवारी व अवैध निर्माणों को जमींदोज किया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने गांव अलावलपुर की राजस्व सीमा में 4 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी के प्रारंभिक चरण में कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड की कार्रवाई की। भारी पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ।

### प्लॉट खरीदने से पहले अच्छी तरह जांच करें नागरिकः डीटीपी



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है।



रेवाड़ी। सीहा स्कूल में आपदा प्रबंधन के गुर सीखते विद्यार्थी।

## सीहा स्कूल के विद्यार्थियों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

- आपदा प्रबंधन के कौशल पर व्यावहारिक जानकारी दी


हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में हिमालय सदन की देखरेख में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। फायर सेफ्टी ट्रेनर मोनू सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के कौशल पर व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने की। मोनू चौहान ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी तथा आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए डेमो भी दिया। कार्यशाला में आग के प्रकार, आग त्रिभुज, आगजनी रोकने के उपाय, घायलों की मदद की प्रक्रिया तथा गैस सिलेंडर में आग लगने पर आग बुझाने की प्रक्रिया बताई गई। विद्यालय परिवार की ओर से मोनू चौहान को सम्मानित किया गया तथा स्टाफ सचिव दिनेश कुमार व वरिष्ठ प्राध्यापक हरीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## विकास के पंख! 16.43 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग कराएगा निर्माण

- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निर्देशों पर बिल्डिंग के निर्माण भूकंपरोधी तकनीक का होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कंडम भवन। फोटो : हरिभूमि

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नांगल चौधरी को जल्द ही नई बिल्डिंग मिलेगी। इसके लिए विभाग के चीफ आर्किटेक्ट ने बिल्डिंग के ड्राफ्टिंग मैप में जरूरी औपचारिकताएं पूरी की व फाइल को मंजूरी दे दी। अब नक्शा फाइल को पीडब्ल्यूडी विभाग के पास भेजा गया है, साथ स्वीकृत बजट का पत्र संग्लन कर दिया। जिसके अनुसार जल्द ही बिल्डिंग निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं। भवन निर्माण की प्रक्रिया में भूकंपरोधी तकनीक का इस्तेमाल करने की विशेष हिदायत दी गई है।

### मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराना प्राथमिकता

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशानिर्देशों में प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। नागरिक अस्पताल स्तर पर मरीजों को डायलिसिस समेत सभी मूलभूत इलाज सुविधा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाई व स्टॉफ का प्रबंध है। जहां बिल्डिंग कंडम है, वहां नवनिर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मरीज को सुगमता पूर्वक इलाज मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी में 16 मई 1968 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखी थी। उस दौरान आबादी कम थी, जिस कारण विभाग को अधिक भवनों की जरूरत महसूस नहीं हुई। मरीजों को सात कमरों में ओपीडी व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई थी।

## अतिरिक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

**महेंद्रगढ़।** गांव रामबास स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आरएमएसए स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला अतिरिक्त निदेशक संजीव कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की कक्षाओं में जाकर अध्यापकों की उपस्थिति, छात्रों की पढ़ाई, स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, पुस्तकालय और विभिन्न प्रयोगशाला की व्यवस्था का जायजा लिया। भौतिक, रसायन और गणित की प्रयोगशालाओं का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय में चल रहे मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता परखा और भोजन बनाने की रसोई व भंडारण कक्ष का भी निरीक्षण किया। बच्चों से बातचीत के दौरान उन्होंने पढ़ाई, खेलकूद के लिए किया प्रेरित।

## आरती सिंह राव के अथक प्रयासों से मिली मेडिकल सीटों की मंजूरी

- 100-100 सीटों की मंजूरी पर हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। आरती सिंह राव का आभार व्यक्त करते हेमंत भारद्वाज एडवोकेट। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अथक प्रयासों से हरियाणा के दो मेडिकल कॉलेजों को 100-100 एमबीबीएस सीटों की मंजूरी मिलने पर भाजपा नेता गौड़ ब्राह्मण सभा के सह सचिव हेमंत भारद्वाज एडवोकेट व क्षेत्र वासियों ने हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताया है।

हेमंत भारद्वाज ने कहा कि अब हरियाणा के जो प्रतिभावान छात्र छात्राएं नीट के एग्जाम में मेरिट में आए थे। उनका अपने प्रदेश में एडमिशन लेने का सपना साकार हो सकेगा। भारद्वाज ने कहा कि लंबे समय से मेडिकल कॉलेज कोरियावास जिला महेंद्रगढ़ व भिवानी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की क्लॉस शुरू करने को लेकर लोगों की मांग स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से की जा रही थी। जिसको लेकर 17 अगस्त को आरती सिंह राव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी को पत्र लिखा था।



# सीएचसी कैंप में नेत्रदान के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरावड़ा में 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत लोगों को नेत्रदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नेत्र विशेषज्ञ डा. नवीन कौशिक ने कहा कि दुनिया से जाने के बाद एक व्यक्ति दो लोगों के



जीवन में रोशनी दे सकता है। कोई भी व्यक्ति चाहे किसी भी उम्र का हो वह अपनी आंखें दान कर सकता है। नेत्रदान करने के लिए टोल फ्री नंबर 112 व राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1800114770 पर सम्पर्क कर सकते हैं। वीरवार को जागरूकता कैंप में लोगों को नजदीक के चश्मे भी वितरित किए गए तथा 15 लोगों ने नेत्रदान करने के लिए फार्म भी भरे। कैंप में डा. निशा, डा. राहुल व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. जितेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ 9 को

**रेवाड़ी।** सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में 9 सितंबर को शाम को 5 बजे से सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में 7 बजे से भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी बिजेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के मुख्य यजमान अंकित लोहिया व प्राची लोहिया होंगे। कार्यक्रम में रेवाड़ी से गायक गोपाल वर्मा व दिल्ली से गायक धर्मबीर फौजी मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

### यादव कल्याण सभा का शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 7 सितंबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि कैंप में डा. रवि राव मेडिसिन, डा. अनिल यादव हड्डीरोग, डा. गौरव यादव सर्जरी, डा. अजीत यादव बालरोग, डा. विदुला यादव नेत्ररोग व डा. अनिल यादव दंत रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे।









## खबर संक्षेप



### योगेश हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गत 27 अगस्त की रात बोलनी गांव में हुई युवक योगेश की हत्या के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस हत्याकांड में पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

बोलनी निवासी योगेश रेलवे स्टेशन पर वेंडर का कार्य करता था। वह गांव के के स्कूल के पास अपने दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान गांव के ही युवकों ने उस पर डंडों व पत्थरों से हमला कर दिया था। पता चलने के बाद योगेश के ताऊ रामकिशन ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। कसोला पुलिस ने कालिया और भाई भूरिया के खिलाफ रामकिशन के बयान पर हत्या का केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी बोलनी निवासी देवेंद्र उर्फ भूरिया को गिरफ्तार कर लिया।

### पूर्व संयुक्त निदेशक सतीश जोशी को पुत्र शोक

**रेवाड़ी।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक सतीश कुमार जोशी के कनिष्ठ पुत्र अनिमेष जोशी का निधन हो गया है। अनिमेष की आयु 43 वर्ष की थी तथा वे



वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। अनिमेष का गुरुग्राम मेदांता हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था। अनिमेष का व्यक्तित्व काफी मिलनसार और हंसमुख था। अनिमेष के निधन पर रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिले के मौजिज व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अनिमेष का गमगीन माहौल के बीच सोलहराही श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

## समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समय से करें समाधान: डीसी

# शिविर में सेक्टर-18 गर्ल्स कॉलेज के पास पार्क से अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान करते हुए लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

डीसी ने मौके पर ही अधिकारियों को शिकायतों के तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों की ओर से जल आपूर्ति, पहचान पत्र में नाम दर्ज, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, नगर परिषद से संबंधित और राजस्व मामलों से जुड़ी समस्याएं रखी गई, जिसमें कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। समाधान शिविर में सेक्टर-18 स्थित महिला महाविद्यालय के पास पार्क पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीसी ने एचएसवीपी के अधिकारियों को कब्जा हटवाने के निर्देश दिए।

गांव ठोठवाल में बीपीएल कॉलोनी की मेन वायर पर गिरे हुए पेड़ को हटवाने के निर्देश दिए गए। डीसी ने गांव नैचाना से बावल रोड़ पर सडकों में बने गड्ढों की मरम्मत कराने के लिए भी निर्देश दिए। गोकलगढ़ में बरसात के पानी से भराव की शिकायत पर डीसी ने डीडीपीओ को पानी निकासी का प्रबंध करने के निर्देश दिए।

डीसी ने गांव गोकलगढ़ में बाइपास की ग्रीन बेल्ट पर कब्जे हटवाने के भी निर्देश दिए।

शहर के लक्ष्मीनगर में पीने के पानी की शिकायत पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।



**रेवाड़ी।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसपी हेमेन्द्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, सीटीएम जितेन्द्र कुमार, डीएसपी जोगेन्द्र शर्मा व डीडीपीओ नरेंद्र सारवान सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**अभियान** नशे के खिला पुलिस प्रशासन हुआ सख्त, नागरिकों के साथ की बैठक

# नशा बेचने वालों की असली जगह जेल, तस्करों की सूचना तुरंत पुलिस को दें : डीएसपी

- डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण ने गांव टांकडी व बालावास जाट का किया दौरा
- ग्रामीणों को नशा, साइबर फ्रॉड व महिला विरुद्ध अपराधों को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण ने वीरवार को टीम सहित गांव टांकडी व बालावास जाट का दौरा किया। इस दौरान डीएसपी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीकर जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर बावल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर डीएसपी सुरेन्द्र श्योराण ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। अपराध पर अंकुश, महिला सुरक्षा व नशे पर रोकथाम लगाना पुलिस की प्राथमिकता है। समाज से नशे को पूर्ण रूप से खत्म करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में अपनी अहम भागीदारी करनी होगी। डीएसपी बावल ने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं, जिसके तहत नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है तथा युवाओं को विभिन्न खेल गतिविधियों तथा कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर दें, पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीएसपी ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि सभी साइबर अपराधों से स्वयं को दूर रखे व सोशल मीडिया पर अन्जान लोगो से फ्रैंड व फॉलो रिक्वेस्ट असेप्ट न करे व अपनी गोपनीय जानकारी किसी को न दे। साइबर अपराध होने की सूरत में तुरंत प्रभाव से हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करके अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों पर भी पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिला थाना व महिला हेल्पलाइन 1091 व डायल 112 पीड़ति की मदद के लिए है।

महिलाएं कभी भी अपनी शिकायत दे सकती है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मौजिज व्यक्तियों से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील भी की।


**रेवाड़ी।** ग्रामीणों को जानकारी देते हुए डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण।


**रेवाड़ी।** बैठक करते हुए एसयूसीआई के कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सहायता पहुंचाने का लिया निर्णय

- एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने प्रदेश में अतिवृष्टि, जलभराव व बाढ़ जैसे हालात पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने प्रदेश में अतिवृष्टि, जलभराव व बाढ़ जैसे हालात के को लेकर अनहोनी से निपटने और बचाव व राहत के लिए हरियाणा सरकार से युद्ध स्तर पर पुख्ता कदम उठाने की मांग की।

एसयूसीआई के वक्ताओं ने कहा कि अनेक स्थानों पर जनहानि, पशुधन की हानि, मकान ढहने और फसल खराबे के समाचार मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस दिशा में यदि पर्याप्त कदम नहीं उठाए तो 1995 जैसी तबाही का सामना करना पड़ सकता है। पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वे बिना किसी देरी के बाढ़ प्रभावित राज्यों की सरकारों को तमाम सहायता और साधन तत्पर उपलब्ध कराएं। राहत कार्यों के साथ-साथ हर तरह के नुकसान की भरपाई की जाए। वीरवार को पार्टी की हरियाणा राज्य कमेटी की मीटिंग पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में पार्टी पोलिटब्यूरो सदस्य कॉमरेड सत्यवान तथा केंद्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड शंकर घोष भी मौजूद थे। पार्टी ने संतोष व्यक्त किया कि मेवात सहित हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री भिजवा रहे हैं। पार्टी अपने स्तर पर भी राहत कार्यों में यथासंभव मदद करने का निर्णय लिया। वक्ताओं ने कहा कि दवाई व अन्य सामग्री एकत्रित की जाएगी। चिकित्सा संबंधी मेडिकल सहायता के साथ वॉलेंटियर भेजने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

S.K.G.
SR. SEC. SCHOOL, BHAKLI (REWARI)
शिक्षा ही सबसे अच्छी मित्र है, शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है, शिक्षा, यौवन और सौंदर्य को भी परास्त कर देती है. - चाणक्य


प्रबन्धक कमेटी एवं स्टॉफ की तरफ से शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

DIRECTOR: SH. SHYAM SINGH 9813820757, 9991281798
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आप सभी को हरिभूमि के 30वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Ujala Cygnus
HEALTHCARE SERVICES
(an Amar Ujala Group Collaboration)
ECHS ESIC आयुष्मान भारत हरियाणा गवर्नमेंट
सभी मुख्य टीपीए के पैनल पर कैशलेस इलाज उपलब्ध है।
स्वास्थ्य की सर्वोत्तम देखभाल अब आपके पास!
हमारी अनुभवी चिकित्सकों की टीम और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ, हम आपकी सेहत की हर आवश्यकता को पूरा करते हैं।
हरिभूमि
अखबार के 30वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें

उपलब्ध विभाग
• न्यूरो व स्पाईन विभाग
• हृदय रोग विभाग
• पेट, आंत व लिवर विभाग
• हड्डी एवं जोड रोग विभाग
• स्त्री एवं प्रसुति विभाग
• सामान्य एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
• नवजात शिशु एवं बाल रोग
• श्वास एवं फेफडा रोग विभाग
• सामान्य रोग विभाग
• मूत्र एवं गदूद विभाग
• फिजियोथेरेपी
• आहार विशेषज्ञ विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
कैथ लैब, पैथ लैब, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, सीटी-स्कैन, ICU, CCU, NICU, फार्मेसी 24x7, एम्बुलेंस 24x7, मॉडयूलर ओटी, कैंटीन
इको, टीएमटी, एंडोस्कोपी, ईआरसीपी, फाइब्रोस्कैन, एमआरसीपी, आर्थोस्कोपी, घुटना एवं कूल्हा बदलना, जटिल रीढ़ और न्यूरोसर्जरी
अब हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के लिए कैशलेस ईलाज
उजाला सिग्नस सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
नजदीक सरकारी अस्पताल, बी.एस.एन.एल. ऑफिस के साईड में, रेवाड़ी-123401 (रेवाड़ी)
HELPLINE NO. 7082216838

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 सितंबर, 2025

16 श्रीकृष्ण भजनों पर भक्तों ने नृत्य से किया सराबोर

15 स्वच्छता मुहिम में नियमों की अवहेलना करने वालों...


## श्री श्याम बाबा के मंदिर में बही भक्ति की बयार


संकीर्तन में भजन गाते हुए गायिका कोमल चोपड़ा।

रेवाड़ी। नई अनाजमंडी स्थित श्री श्याम बाबा के मंदिर में बुधवार रात्रि जलझूलनी एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के 120वें संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में फरीदाबाद से भजन गायिका कोमल चोपड़ा व गोकलगढ़ से गायक संजय शर्मा ने अनेक मनमोहक भजनों से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। एकादशी पर श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार हरीश भाटोटिया कराया। श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने श्याम बाबा की विधिवत रूप से ज्योत प्रज्जवलित करके संकीर्तन का शुभारंभ किया।वीरवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश वंदना व 'दरबार अनोखा है-संसार दीवाना है, श्रृंगार है नया-नया, दातार पुराना है', 'कहीं राम लिख दिया है, कहीं श्याम लिख दिया है, जीवन के हर सिरे पर तेरा नाम लिख दिया है' सहित अनेक भजन सुनाकर संकीर्तन में समां बांधा। इसके बाद फरीदाबाद से गायिका कोमल




चोपड़ा ने अनेक भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। भजन गायिका ने 'मेरा छोटा सा परिवार, श्याम आ जाओ इक बार', 'जीत जाएंगे हम डर की क्या बात है, हर कदम सांवरा जब मेरे साथ है'.., ' रोती हुई आंखों को मेरे श्याम हंसाते है, जब कोई नहीं आता, मेरे श्याम ही आते है', 'जब कोई नहीं था हमारा और पास नहीं था किनारा, जब हार गया इस जग में, बाबा ने दिया सहारा, सांवरे ने साथ निभाया है, रोते को हंसाया है'.. सहित अनेक भाव भरे भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम बाबा के जागरण में चरत अग्रवाल, रवि भट्ठेवाले, विजय अग्रवाल, राजन अग्रवाल, रितेश बंसल, विकास बंसल, राजुल, अमित गुप्ता, महेश गोयल, मनीष सचदेवा, अनिल मखीजा, सुभाष शर्मा, अनिल गुप्ता आदि रहे।









लीक से हटकर / शिखर चंद जैन

बच्चो, अपने देश में सामान्य स्कूलों से हटकर कुछ ऐसे स्कूल हैं, जहां बच्चों को शिक्षा बहुत अलग ढंग से दी जाती है। इन स्कूलों में बच्चे सिर्फ किताबी शिक्षा नहीं पाते, वे प्रकृति से जुड़कर और अन्य माध्यमों से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, रचनात्मक बनते हैं। साथ ही शिक्षा एक आनंद के साथ ग्रहण करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे स्कूलों के बारे में।

# ये अनोखे स्कूल



## नॉलेज के साथ एंज्वॉय कराती स्टडी

### द यलो ट्रेन स्कूल, तमिलनाडु

**तमिलनाडु में** कोयंबटूर के शांत और हरे-भरे क्षेत्र में स्थित द यलो ट्रेन स्कूल बच्चों को बहुत ही प्रेरणादायक और शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करता है। स्कूल कैंपस को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह बच्चों को रचनात्मकता और उनकी स्वतंत्रता के लिए प्रोत्साहित करता है। खेतों में घूमना, वन्यजीवों के बारे में सीखना, वाद्ययंत्र बजाना, गलियारों में टायर पर झूलना, मिट्टी के बर्तन बनाना जैसे कई इंटरेस्टिंग एक्टिविटीज में बच्चे शामिल होते हैं।

यहां के टीचर्स अपने स्टूडेंट्स से दोस्तों की तरह व्यवहार करते हैं। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे नॉलेज गेन करने के साथ-साथ खूब एंज्वॉय भी करते हैं। यहां पाठ्य पुस्तकों, कोर्स की तैयारी के साथ-साथ बच्चों के ओवरऑल पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर भी ध्यान दिया जाता है। *

## पढ़ने, वाद-विवाद के माध्यम से शिक्षण

### लेवलफील्ड स्कूल, पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के हुस्नाबाद गांव में स्थित लेवलफील्ड स्कूल की स्थापना




भारतीय शिक्षा प्रणाली के पारंपरिक तरीकों से अलग कुछ अनोखे ढंग से छात्रों को शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई है। यह स्कूल रटने या पाठ्य पुस्तक-आधारित शिक्षा पर ही केंद्रित रहने के बजाय पढ़ने, चर्चा करने, वाद-विवाद और मल्टीमीडिया तकनीक के इस्तेमाल पर जोर देता है। चाहे अंग्रेजी हो, गणित हो या कोई और विषय, सीखने के लिए पहेलियों, एप्स और खेलों का उपयोग किया जाता है। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे छोटी उम्र से ही एनिमल फार्म, गुलिवर्स ट्रैवल्स और मैकबेथ जैसी क्लासिक किताबें पढ़ते हैं, इन पर चर्चा करते हैं। उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित फिल्में भी दिखाई जाती हैं। इस स्कूल के संस्थापक अर्घ्य बनर्जी बताते हैं, 'इस तरह की एक्टिविटीज का उद्देश्य चीजों को जीवंत बनाना और उन्हें आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करना है।' *

## झील पर तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय

### लोकटक लेक स्कूल, मणिपुर

**अजीब-सी** बात लग सकती है, पानी में तैरता हुआ स्कूल! लेकिन यह सच है।



मणिपुर राज्य का लोकटक लेक स्कूल, ऐसा ही एक अनोखा स्कूल है, जो पानी पर तैरता है। यह भारत का पहला तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय है, जो लोकटक झील के ऊपर फुमदी (पानी में तैरते हुए वनस्पति के बड़े-बड़े टुकड़े) पर बना है। इस स्कूल को केवल दो शिक्षकों द्वारा चलाया जा रहा है। इस स्कूल में वे स्थानीय बच्चे पढ़ते हैं, जो झील के किनारे रहते हैं। स्थानीय लोग और छात्र पर्यावरण-अनुकूल (ईको-फ्रेंडली) तरीकों को अपनाते हैं, जैसे सौर पैनल और वर्षा जल संचयन, ताकि झील के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखा जा सके। इस अनोखे स्कूल की शुरुआत ऑल लोकटक लेक एरियाज फिशरमैन यूनियन, मणिपुर (ALLAFUM) और पीपल रिसोर्सेज डेवलपमेंट एसोसिएशन ने मिलकर की है। *

## मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल

### चिराग स्कूल, उत्तराखंड



**उत्तराखंड के** नैनीताल जिले के सिमायल गांव के निकट ओडाखान में स्थित चिराग स्कूल की स्थापना 2006 में हुई थी। यह आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए एक हिंदी माध्यम का स्कूल है। यह स्कूल 'चिराग' नामक एनजीओ द्वारा संचालित किया जाता है। शिक्षा शास्त्री कनाई लाल ने हिमालय की गोद में इस स्कूल की शुरुआत की थी। उनका लक्ष्य बच्चों को मिट्टी के घरों से लेकर माइक्रोचिप्स तक, हर चीज की एक अनूठे अंदाज में समग्र समझ प्रदान करना था। यह स्कूल मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल है। इस अनोखे स्कूल का डिजाइन आस-पास के तीन गांवों के निवासियों, शिक्षकों और युवाओं की भागीदारी के माध्यम से विकसित हुआ है। *

## दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण

### वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल, मध्य प्रदेश




**बच्चो, तुम्हें** जानकर आश्चर्य होगा कि अपने देश में एक स्कूल ऐसा भी है, जहां पढ़ने वाले बच्चे एक नहीं, दोनों हाथों से लिखते हैं। इससे भी बड़ी हैरानी की बात यह है कि ये बच्चे दोनों हाथों से एक साथ अलग-अलग भाषाओं में लिखते हैं। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से 15 किलोमीटर दूर बुधेला नामक स्थान पर वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल के 100 से ज्यादा विद्यार्थी दोनों हाथों से लिखने की कला में माहिर हैं। इस स्कूल की शुरुआत 1999 में की गई थी। इस स्कूल को विरंगत शर्मा ने शुरू किया था। वह बताते हैं, 'मुझे यह सीख देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से मिली। यहां छात्रों को पहली कक्षा से ही दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण दिया जाता है, उन्हें छह अलग-अलग भाषाएं भी सिखाई जाती हैं।' *

प्रतिभा / अंजू जैन

# असाधारण मेधा शक्ति वाले नन्हे शिक्षक

बच्चो, तुम्हारी ही उम्र के कई ऐसे बच्चे हैं, जिनका ज्ञान देखकर आश्चर्य होता है। अपने विषय की गहन जानकारी रखने वाले ये प्रतिभावान और ज्ञानी बच्चे किसी शिक्षक से कम नहीं हैं। मिलो, ऐसे ही प्रतिभावान तीन बच्चों से।

## अवि शर्मा: बालमुखी रामायण का रचयिता और वैदिक गणित का ज्ञाता



**इंदौर, मध्य** प्रदेश के अवि शर्मा ने सन 2022 में मात्र 12 वर्ष की आयु में हिंदी में 'बालमुखी रामायण' लिखी। अवि द्वारा लिखे गए इस ग्रंथ में 250 छंदों के साथ रामायण की प्रमुख घटनाओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। अवि वैदिक गणित के सबसे युवा प्रशिक्षकों में से भी एक है। उसने करीब 150 छात्रों को वैदिक गणित सिखाया है। इन सबके अलावा अवि ने एक आवाज-संचालित कंप्यूटर प्रोग्राम 'माधव' (माय एडवांस्ड डोमेस्टिक हैंडलिंग एआई वर्जन) विकसित किया है, जो विभिन्न भाषाओं में काम करता है। इसे बनाने में अवि को मात्र दो सप्ताह का समय लगा था। 2022 में अवि को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उसने वर्चुअल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की और उन्हें गीता के श्लोक सुनाए। साल 2023 में, इंदौर गौरव दिवस पर मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अवि शर्मा को सम्मानित किया था। *

## कृतिन गुप्ता : पढ़ा रहा आईआईटी लेवल की मैथमेटिक्स



**दिल्ली का** रहने वाला कृतिन गुप्ता अपनी उम्र से कहीं आगे की बुद्धि रखता है। वह छोटी उम्र से ही गणित में रुचि लेने लगा था। जब कृतिन दस वर्ष का था, तभी से वह स्टूडेंट्स को आईआईटी लेवल का गणित पढ़ाने लगा था। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में अपनी उम्र से काफी बड़े छात्रों को गणित पढ़ाने के कारण कृतिन को 'ग्रैंड मास्टर' के नाम से भी जाना जाता है। कृतिन बीते पांच वर्षों से स्कूल ही नहीं, कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी गणित पढ़ा रहा है। कृतिन का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

## कौटिल्य पंडित: जनरल नॉलेज का मास्टर



**हरियाणा के** करनाल जिले के कोहंड गांव में जन्मा कौटिल्य पंडित मात्र 5 वर्ष की आयु में ही विश्व के प्रत्येक देश की सीमाओं, क्षेत्रों और अन्य विवरणों को मौखिक रूप से याद कर चुका था। साथ ही सौरमंडल के प्रत्येक ग्रह और उपग्रह के नाम और आकार भी उसे जुबानी याद थे। इसके अलावा गणित, करेंट टॉपिक्स, इतिहास, सामान्य ज्ञान सहित अनेक विषयों पर भी कम उम्र में ही उसकी अच्छी पकड़ थी। उसकी असाधारण बुद्धि और विलक्षण ज्ञान के कारण लोग उसे 'गूगल ब्वॉय' के नाम से बुलाने लगे थे। कौटिल्य समय-समय पर विशेष वर्कशॉप में बच्चों को पढ़ाता भी है। जनवरी 2020 में गूगल ब्वॉय कौटिल्य ने चाइल्ड प्रोडिजी पुरस्कार जीता। अब 17 साल के हो चुके कौटिल्य पंडित का चयन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, लंदन में मास्टर ऑफ फिजिक्स कोर्स के लिए हुआ है। इसके लिए कौटिल्य को 25 लाख की स्कॉलरशिप भी मिली है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदार बनाती कहानियां

बच्चो, कुछ ही समय पहले बाल कहानियों की एक किताब आई है, जिसका नाम है- गूंगी गुड़िया। इसमें कुल बारह कहानियां हैं।




ये ऐसी कहानियां हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने को मिलेगा। यही नहीं ये सारी कहानियां तुमको समझदार भी बनाएंगी। पहली कहानी 'गूंगी गुड़िया' में तुम पढ़ोगे कि चिंकी किस तरह से मेले में खो जाती है और अपराधियों के चंगुल में फंसने के बाद भी हिम्मत नहीं हारती। फिर समझदारी और बहादुरी से बच निकलती है। 'सच्चे संगी साथी' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह मुश्किल समय में आदित्य के दोस्त उसकी मदद करते हैं? कुछ बच्चे स्मार्टफोन पर गेम्स खेलते रहते हैं या उनको फोन से फोटो क्लिक करने में बड़ा मजा आता है। लेकिन ऐसा करने के चक्कर में लापरवाही बरतना किस तरह खतरनाक हो सकता है, इसे तुम 'लाइक, कमेंट का चक्कर' कहानी में पढ़ सकते हो। इनके अलावा 'रोटी के बदले समोसे', 'काल करे सो आज कर' और 'जब तान्या शर्मिंदा हुई' कहानियों में भी तुम्हें अच्छी सीख मिलेगी। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत अच्छी हैं। *

**किताब :** गूंगी गुड़िया (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका :** इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्य :** 200 रुपए, **प्रकाशक :** भव्या पब्लिकेशन, भोपाल

## हंसगुल्ले



**टीचर:** दो समानांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?

**रोहन:** मैम, क्योंकि उनके दांत नहीं होते।

-दीपक, धमतरी

**साइंस टीचर:** बच्चो, सभी ग्रह अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं।

**कुणाल:** सर, अगर वे अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं, तो पढ़ते कब हैं?

-ज्योत्सना, रोहतक



कहानी

पूर्ति खरे

रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ टीचर-टीचर खेल रही थी। रैना टीचर बनी थी रिद्धि स्टूडेंट। रैना के एक सवाल के जवाब में रिद्धि ने कह दिया, 'शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।' यह बात वहां बैठे रैना के दादा जी ने सुन ली। उन्होंने रिद्धि को खेल-खेल में ऐसा सबक सिखाया कि उसे अपने कहे पर बहुत पछतावा हुआ।

# खेल टीचर-टीचर का



रविवार की एक दोपहर रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ बरामदे में टीचर-टीचर वाला खेल, खेल रही थी। वहीं बरामदे में दूसरी ओर कुर्सी पर रैना के दादा जी अखबार पढ़ रहे थे। वे बीच-बीच में उनका खेल बड़े ध्यान से देख रहे थे। इस खेल में रैना टीचर थी, उसकी सहेली रिद्धि स्टूडेंट। टीचर बनी रैना अपने दादा जी का पुराना टूटा हुआ चश्मा पहन कर मैडम वाले अंदाज में सवाल पूछ रही थी, 'रिद्धि बताओ, शिक्षक दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?'

'नहीं पता! वैसे भी शिक्षक दिवस है तो शिक्षकों को ही पता होगा, मुझे इससे क्या मतलब, मैं तो स्टूडेंट हूं।' रिद्धि सवाल का मजाक बनाती हुई बोली।

रैना ने पहले प्रश्न का उत्तर देते हुए दूसरा प्रश्न पूछा, 'पांच सितंबर को मनाया जाता है शिक्षक दिवस। अच्छा! चलो यह बताओ कि यह दिवस क्यों मनाया जाता है?'

रैना के सवाल पर रिद्धि फिर हंसती हुई बोली, 'फालतू में मनाया जाता है, क्योंकि शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।'

रिद्धि बहुत शरारती बच्ची थी, दूसरों की हंसी उड़ाना उसकी आदत थी। उधर टीचर का परिहास होता देख दादा जी को बहुत गुस्सा आया, उन्होंने मन ही मन में तय किया कि वे रिद्धि को उसकी गलती का एहसास कराएंगे। दादा जी भी दोनों बच्चियों के इस टीचर-टीचर वाले खेल में शामिल हो गए, बोले, 'रिद्धि, तुम लोगों का खेल तो बड़ा अनोखा है। अब ऐसा करो, मैं और रैना स्टूडेंड बनते हैं और तुम टीचर बन जाओ।'

दादा जी को स्टूडेंड बनता देख रिद्धि टीचर बनने को तुरंत राजी हो गई। अब रिद्धि ने दादा जी का पुराना चश्मा पहना और टीचर के अंदाज में बोली, 'चलो! सब अपनी-अपनी ड्रॉइंग कॉपी निकाल कर शेर का चित्र बनाओ।'

दादा जी और रैना चित्र बनाने लगे। दादा जी ने शेर की जगह लोमड़ी का चित्र बना दिया। रिद्धि उनका चित्र देखकर बोली, 'यह तो लोमड़ी का चित्र है, मैंने शेर बनाने को कहा था। इसे मिटाकर फिर बनाओ।' लेकिन दादा जी ने नहीं सुनी, वह लगातार अलग-अलग जानवरों के चित्र बनाते रहे लेकिन शेर का चित्र उन्होंने नहीं बनाया। रिद्धि यह देखकर सिर पर हाथ रख कर बैठ गई। दादा जी बोले, 'रिद्धि टीचर! मुझे शेर बनाना नहीं आता, प्लीज आप बताओ ना कि कैसे बनाते हैं शेर?' रिद्धि को शेर बनाना नहीं आता था, इसलिए वह बात को टालते हुए बोली, 'ऐसा करो फूल बना दो।'

'पर मुझे फूल बनाना भी नहीं आता टीचर!' दादा जी बच्चे जैसे अंदाज में बोले।

रिद्धि खीझ कर बोली, 'तो ऐसा करो, कुछ मत करो, बस मुंह पर चुपचाप अंगुली रख कर बैठ जाओ।'

दादा जी कहां मानने वाले थे, उन्होंने बच्चों की तरह गुस्सा कर अपनी और रैना की कॉपी फाड़ दी और जोर-जोर से रोने लगे। रिद्धि उन्हें चुप करा-करा कर थक गई, पर वे चुप नहीं हुए। थक-हार कर वह बोली, 'मुझे नहीं बनना कोई टीचर-टीचर, यह मेरे बस का काम नहीं है। ऐसे शैतान बच्चे को मैं नहीं पढ़ा सकती।'

रिद्धि की बात पर दादा जी नॉर्मल होकर बोले, 'क्यों अब समझ आया कि शिक्षक बनना कितना मुश्किल है? जरा-सी देर तुम एक शैतान बच्चे को नहीं संभाल पाईं। सोचो शिक्षक तो रोज ऐसे कई बच्चों को अकेले संभालते हैं। जब मुझसे शेर का चित्र नहीं बना तो तुमने इस बात को टाल दिया पर शिक्षक ऐसे बातों को टालते नहीं हैं। वे अपने विद्यार्थी के हर सवाल का हल बताते हैं, उसकी हर जिज्ञासा को शांत करते हैं।'

रिद्धि, दादा जी का सबक समझ गई थी। वह शर्मिंदा होकर चेहरे को लटका कर खड़ी थी। दादा जी आगे बोले, 'तुम अभी कह रही थीं कि शिक्षक डांटने और पढ़ाने के सिवाय करते ही क्या हैं? तो सुनो कि शिक्षक क्या करते हैं और क्या होते हैं?' एक शिक्षक की भूमिका कितनी बड़ी होती है, दादा जी ने रिद्धि को विस्तार से बताया, 'जो हमें ज्ञान का पाठ पढ़ा कर जीवन को सही ढंग से जीना सिखाते हैं, वे होते हैं शिक्षक। जो सही-गलत के बीच का भेद बताते हैं, वे होते हैं शिक्षक। अरुचि को रुचि में, आलस्य को ऊर्जा में, अंधकार को प्रकाश में, मूर्खता को विवेक में, कमजोरी को शक्ति में बदल देने वाला यदि कोई है तो वह शिक्षक है।'

अपने बर्ताव पर रिद्धि को बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई, वह बोली, 'दादा जी! माफ करें, अब से मैं हर शिक्षक का सम्मान करूंगी। सदा उनके बताए गए मार्ग पर चलूंगी।'

दादा जी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले, 'बात केवल सम्मान की नहीं है रिद्धि बेटा! बात है शिक्षक के महत्व को समझने की। तुम्हारे शिक्षक हर मौसम में, अपनी व्यक्तिगत परेशानियों को किनारे करके तुम सबको पढ़ाते हैं। विषय कितना भी अरुचिकर क्यों न हो, उसे वे सदा रोचकता से पढ़ाने की कोशिश करते हैं। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं, शिक्षक आने वाले कल का, तुम सबके निर्माणकर्ता होते हैं, तभी तो महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।' *

कविता

शिवचरण चौहान



## शिक्षक

विद्यालय में हमें पढ़ाते  
वह शिक्षक हैं कहलाते।  
एक-एक अक्षर हमको  
पढ़ना-लिखना सिखलाते।।  
गणित और विज्ञान पढ़ाते  
हिंदी के संग अंग्रेजी।  
जब वे पढ़ाएं हमको तो  
आती है बुद्धि में तेजी।।  
पढ़ा-लिखा कर बचपन में  
हमको करते हैं तैयार।  
कहते आगे बढ़ना सीखो  
कभी न मानो हार।।  
ऐसे ज्ञानी शिक्षक सच में  
होते हैं बहुत महान।  
आज शिक्षक दिवस पर  
हम करते उनका सम्मान।।

## जीके क्विज-169

1. हाल में किस भारतीय महिला तीरंदाज ने जूनियर विश्व तीरंदाजी खिताब जीता?
2. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
4. पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले लेखक कौन थे?
5. दुनिया के किस शहर को हीरे की राजधानी कहा जाता है?
6. ब्रिटिश भारत के प्रथम वायसराय कौन थे?
7. भारत का सबसे बड़ा स्टेडियम कौन सा है?
8. हाल में देश में निर्मित पहले माइक्रोचिप का क्या नाम है?
9. सूर्य की किरणों से हमें कौन-सा विटामिन मिलता है?
10. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-169 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-168 का उत्तर :** 1.शुभमन गिल, 2.मेजर ध्यानचंद, 3.अभिनव बिंद्रा, 4.टेबल टेनिस, 5.खेल प्रशिक्षक (कोच), 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.ग्यारह, 8.टेनिस, 9.क्रिकेट, 10.मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

**जीके क्विज-168 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, अजित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, हर्षिता-रायपुर, अजय-बिलासपुर, दीपक-रायगढ़, सुशील-बालोद, सौम्या-धमतरी, राकेश-महासमुंद

## रंग भरो-184

**रंग भरो-184** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



आशना, जांजगीर



देवांश, भिवानी



केशव, जांजगीर



आदित्य, खैरागढ़



सानवी, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

भूमि-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, रितेश-मटियारी, सानवी-बिलासपुर, समृद्धि-शहडोल, अभिषेक-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राहुल-करनाल, सौम्या-बिलासपुर, यतीश-कोरबा, हर्ष-बालोद

## रंग भरो 185



बच्चो, यहां दिए गए रेखाचित्र में सार्थक को उसकी ट्यूशन टीचर पढ़ा रही है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खुले में कचरा फेंकने वालों पर लगेगा जुर्माना

# स्वच्छता मुहिम में नियमों की अवहेलना करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी

- म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी अभियान से जुड़े आमजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी अभियान आमजन से जुड़ा अभियान है, जिसमें सभी अधिकारी-कर्मचारी अपना दायित्व निभा रहे हैं। यदि कोई इस अभियान में बाधा डालने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव मोड में कार्य करेगा। डीसी ने कहा कि आमजन का सहयोग जिले के शहरी क्षेत्र के सौंदर्यकरण व सुधारीकरण में अहम है, ऐसे में सभी नागरिक सभ्य समाज के रूप में अपनी भागीदारी निभाएं। डीसी मीणा ने कहा कि रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा में शहरी स्वच्छता अभियान के तहत सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से कदम उठाए जा रहे हैं। सफाई कार्य बेहतर ढंग से चलाने के लिए प्रशासन की ओर से वार्ड स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी स्वच्छता दूत के रूप में वार्डो में मॉनिटरिंग कर रहे है। नगर परिषद व नगर पालिका द्वारा शहर में साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए शहरी क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जा रहा है। शहर के मार्केट क्षेत्र में आबकारी एवं कराधान विभाग से संबंधित अधिकारियों को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। डीसी ने अधिकारियों को स्वच्छता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। वार्ड की गलियों में कूड़ा उठान प्रक्रिया, कचरे के ढेर साफ करने व पॉलीथिन का उपयोग न करने सहित आमजन तक अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए नोडल अधिकारियों की ओर से आवश्यक कदम उठाएं जा रहे हैं। इस दौरान सभी वार्डो में नालियों की साफ-सफाई की जा रही है और नगर वासियों को सफाई रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। गलियों व कॉलोनियों में गंदगी मिलने पर नियुक्त नोडल अधिकारियों की टीम सफाई करा रही हैं। शहर की सडकों पर लोगों द्वारा नालों पर अतिक्रमण को हटवाया जा रहा है तथा निर्धारित मापदंड पूरे न करने वाले पॉलीथिन का उपयोग करने पर चालान भी किए जा रहे हैं।






रेवाड़ी। स्वच्छता मुहिम के तहत पार्क में पौधरोपण करते हुए नप टीम व सफाई अभियान के नोडल अधिकारी शहरवासियों को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए।

### कचरा फैलाने वालों पर लगेगा जुर्माना

जिला नगर आयुक्त ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी वार्डों में जाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उन्हें खुले में कूड़ा फैंकने से रोक रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य क्षेत्र के सभी 31 वार्डों व नगर पालिका क्षेत्र धारूहेड़ा व बावल को गंदगी मुक्त बनाना है। कचरा फैंलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर परिषद ईओ सुशील कुमार ने बताया कि मुहिम के तहत पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा रहा है।

# जीएसटी की दरें घटने से मिलेगी राहत: खोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



- सरकार के निर्णय का आमजन को मिलेगा बड़ा लाभ

परिवार पहचान प्राधिकरण हरियाणा के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक बार फिर आमजन के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कमी की घोषणा की है। इस फैसले से न केवल रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं पर बोझ कम होगा, बल्कि महंगाई दर में भी गिरावट आएगी। सरकार का यह कदम देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के साथ-साथ गरीब और मध्यम वर्ग की जेब में सीधी राहत पहुंचाने वाला है। जीएसटी की दरें घटने से घरेलू बजट में संतुलन बनेगा और परिवारों को महंगाई से बड़ी राहत मिलेगी। खासतौर से खाद्य सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और सामान्य जीवन से जुड़ी सेवाओं की कीमतें घटने से हर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा। डा. खोला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि उनकी सरकार गरीब और मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से हर वर्ग खुश है। गरीब को सस्ती वस्तुएं मिलेंगी, मध्यम वर्ग को महंगाई से राहत मिलेगी, व्यापारी वर्ग को बिक्री बढ़ने का लाभ होगा और उद्योग जगत को मांग में वृद्धि से उत्पादन बढ़ाने का अवसर मिलेगा। खोला ने कहा कि इससे छोटे उद्योग, दुकानदार और सेवा प्रदाताओं को अधिक काम मिलेगा और नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। आर्थिक गतिविधियों में तेजी से देश की जीडीपी पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। खोला ने कहा घरेलू बजट पर पड़ रहे बोझ से परेशान गृहिणियों ने राहत की सांस ली है। युवाओं का मानना है कि जीएसटी दरों में कमी से स्टार्टअप्स और छोटे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। किसानों का कहना है कि कृषि से जुड़ी वस्तुओं पर दरें कम होने से लागत घटेगी और व्यापारियों का विश्वास है कि बिक्री में वृद्धि से व्यापार का दायरा बढ़ेगा। खोला ने कहा कि सरकार का यह कदम महंगाई पर अंकुश लगाने और जनता को राहत पहुंचाने की दिशा में ऐतिहासिक साबित होगा।

## समाधान शिविर में सीटीएम ने सुनीं आमजन की शिकायतें

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में सीटीएम डॉ. मंगल सेन ने आमजन की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 84 शिकायतें आई, जिनमें अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। सीटीएम ने बताया कि ये समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में न केवल शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाती है, बल्कि संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट भी ली जाती है, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में मुख्य रूप से परिवार पहचान पंत्र, प्रॉपर्टी आईडी की शिकायतें पहुंची।

**अदालती सूचना बजरिये पब्लिकेशन**

न्यायालय श्री हरिकिशन तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, कोसली।

मिसल नं0 402/तक०/ तह०
तारीख दायरा 14.07.2025

1. उदयभान पुत्र रामपत पुत्र शिवलाल निवासी मौजा बाबड़ौली तहसील कोसली जिला रेवाड़ी
प्रार्थीगण

बनाम

1 रामपाल पुत्र रामपत पुत्र शिवलाल वगैरा निवासी मौजा बाबड़ौली तहसील कोसली जिला रेवाड़ी
प्रतिप्रार्थीगण

दरखास्त तकसीम बाबत अराजी जरई खेवट नं0 72 खतौनी नं0 83 किते 35 तादादी रकबा 252 कनाल 9 मरला वाका रकबा मौजा बाबड़ौली तहसील कोसली जिला रेवाड़ी।

उपरोक्त केस उदयभान बनाम उमेद सिंह वगैरा न्यायालय श्री हरिकिशन तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी कोसली में विचाराधीन है। उक्त केस में उत्तरवादी नं0 7 अतर सिंह पुत्र भगवाना निवासी मौजा बाबड़ौली तहसील कोसली को बजरिये पब्लिकेशन तलब किया जाता है। उतरवादी नं0 7 मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपने केस की पैरवी दिनांक 03.10.2025 को कर सकते है। बाद गुजरने म्याद कोई दावा या आपत्ति नहीं सुनी जायेगी तथा उक्त केस में आपके खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 02.09.2025 को मेरे न्यायालय की मोहर व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया हैं।

**सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, कोसली**

**अदालती सूचना बजरिये पब्लिकेशन**

न्यायालय श्री हरिकिशन तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, कोसली।

मिसल नं0 401/तक०/ तह०
तारीख दायरा 14.07.2025

1. उदयभान पुत्र रामपत पुत्र शिवलाल निवासी मौजा बाबड़ौली तहसील कोसली जिला रेवाड़ी।
प्रार्थीगण

बनाम

1 उमेद सिंह पुत्र रामपत वगैरा निवासी मौजा बाबड़ौली तहसील कोसली जिला रेवाड़ी
प्रतिप्रार्थीगण

दरखास्त तकसीम बाबत अराजी जरई खेवट नं0 73 खतौनी नं0 84 किते 5 तादादी रकबा 27 कनाल 13 मरला वाका रकबा मौजा बाबड़ौली तहसील कोसली जिला रेवाड़ी।

उपरोक्त केस उदयभान बनाम उमेद सिंह वगैरा न्यायालय श्री हरिकिशन तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी कोसली में विचाराधीन है। उक्त केस में उतरवादी नं0 7 अतर सिंह पुत्र भगवाना निवासी मौजां बाबड़ौली तहसील कोसली को बजरिये पब्लिकेशन तलब किया जाता है। उतरवादी नं0 7 मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपने केस की पैरवी दिनांक 03.10.2025 को कर सकते है। बाद गुजरने म्याद कोई दावा या आपत्ति नहीं सुनी जायेगी तथा उक्त केस में आपके खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 02.09.2025 को मेरे न्यायालय की मोहर व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया हैं।

**सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, कोसली**

# फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम का निकाला ड्रा, 85 किसानों को मिलेंगे यंत्र

- 30 तक पोर्टल पर करें अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम 2025-26 के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए मांगे गए ऑनलाइन आवेदनों में वीरवार को ड्रा के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया गया। डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में किसानों की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यकारिणी कमेटी की ओर से लघु सचिवालय सभागार में ऑनलाइन ड्रा निकाला गया, जिसमें ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों में से ट्रैक्टर माउन्टिड लोडर (बिना ट्रैक्टर)-3, सैल्फ परोपेल्ड रीपर कम बाईन्डर-13, ट्रैक्टर चलित टेडर मशीन-1, ट्रेलड टाईप चोपर-शेंडर-2, माउन्टिड टाईप स्ट्रा चोपर-मल्चर-3, सुपर सीडर-37, स्मार्ट सीडर-1, हैप्पी सीडर-1, हाईड्रोलिक रिवर्सीबल एमबी प्लॉव-6, सुपर एसएमएस-1, टैक्टर माउन्टिड क्रॉप रीपर-7, सेल्फ प्रोप्लड क्रॉप रीपर-1, सरफेश सीडर-1, स्पेशल जीरो टील ड्रील-2 तथा जीरो टील सीड कम फर्टिलाईजर ड्रील-4 शर्ब मास्टर-रोटरी शलेशर के लिए 2 किसानों का चयन किया गया। चयनित 85 किसानों को कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। सहायक कृषि अभियता दिनेश शर्मा ने बताया कि चयनित किसानों की ओर से पोर्टल पर अपलोड किए गए संबंधित दस्तावेजों की जांच की जाएगी, यदि किसी चयनित किसान के दस्तावेजों में कमी पाई जाती है तो संबंधित किसान को 8 सितंबर तक अपने दस्तावेज जमा कराने होंगे। दस्तावेजों की जांच उपरांत ऑनलाइन अनुदान पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा।




रेवाड़ी। लघु सचिवालय में ड्रा निकालते हुए जिला स्तरीय कार्यकारिणी कमेटी।

## गगन सैनी का आमरण अनशन समाप्त

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर नये सदस्यों को चुनाव में शामिल नहीं करने पर बीते छह दिन से सैनी क्षत्रिय सभा के पूर्व प्रधान श्रीराम सैनी के पुत्र गगन सैनी द्वारा दिए गए आमरण अनशन वीरवार को समाप्त हो गया हैं। विधायक के पुत्र राहुल यादव ने गगन सैनी को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया हैं। राहुल यादव ने गगन सैनी को समझाते हुए तथा अनशन तोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने गगन सैनी से कहा कि समाज को आपकी सेवा की जरूरत है। इसलिए स्वस्थ शरीर का होना जरुरी है। लगातार छह दिन अन्न त्यागने से शरीर में कोई बड़ी क्षति हो सकती है। आपके परिवार और समाज तथा स्वास्थ्य के लिए आप ये अनशन समाप्त करो। सारी बात सुनकर उन्होने कहा समाज का चुनाव भाईचारे और सबकी सहमति से होना चाहिए, वोट का अधिकार सभी को मिलना चाहिए। उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए गगन सैनी ने अपने सभी समर्थको को संबोधित करते हुए कहा कि वह समाज के हकों के लिए हमेशा लड़ता रहेगा। इस मौके पर कैलाश चंद, रुड़मल, ओमप्रकाश, सुनील मदरसा, श्यामा सैनी, सोनू पार्षद, जिलेसिंह फौजी, कृष्ण मदरसा, परमेश्वर, जुली फूलवाला, सूरज बागड़ी, अमरसिंह पूर्व सचिव, नेतराम हलवाई, डॉ. रवि, देवेन्द्र देबू, ओमप्रकाश ओपी, अजीत फूल वाला, हेमन्त, जयंत, मुकेश, भोलू, बलवान, अत्तर सिंह, ऋषिराज, सुमेर सिंह बिल्लू व भगवान दास आदि मौजूद रहे।






# श्रीकृष्ण भजनों पर भक्तों ने नृत्य से किया सराबोर

## टीपी स्कीम में कृष्णा की मस्ती व मीरा की भक्ति में रंगा गणेशोत्सव


रेवाड़ी। श्री कृष्ण भजनों पर डांस करती बच्ची। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। कृष्ण बने कलाकार के साथ डांस करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

टीपी स्कीम के गणेशोत्सव में आठ दिनों भक्ति रस की धारा बह रही है। बच्चे, बडे व महिला श्रद्धालु मिलकर आनंद में डूबे हुए हैं। बुधवार रात्रि को जहां गणेश उत्सव में मीरा की भक्ति व श्याम की मस्ती छाई रही, वहीं बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मीरा व कृष्ण की झांकी ने खूब रंग जमाया। विशिष्ट अतिथि संजय बतरा, नरेंद्र लुगानी, अजय जुनेजा, दिनेश राजपाल व डा. मधुसुदन शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। समिति संरक्षक सतीश अग्रवाल व प्रधान विनय मलिक के मार्गदर्शन में समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का अभिनंदन किया। मंच संचालन समिति के मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संचालक गोपाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में कॉलोनी के बच्चे मानसी, चिंकी, दिशा, चारवी, खुशी, तनवी, आइना, माहिर व पूर्वी ने अनेक गीतों की धुन पर नृत्य कर समां बांधा। इसके बाद श्री कृष्ण व मीरा बने कलाकारों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। 'एक राधा एक मीरा दोनों ने श्याम को चाहा, एक दर्द दीवानी एक प्रेम दीवानी', 'मेरे कान्हा तुम बिन जीना बेकार सांवरे, बाहर निकल कै देख सांवरे, तेरी मीराबाई सै' व 'मेरे कान्हा तेरे बिन जीना बेकार सांवरे, अपने ही रंग में रंग ले मेरे यार सांवरे' आदि भजनों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# युवा समाज की असली शक्ति:डा. दलबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

कालाका रोड स्थित आरडीएस पीजी कॉलेज में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एचआईवी एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वाईआरसी व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव ने की। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि युवा वर्ग समाज की असली शक्ति है और उन्हें स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन



वाईआरसी कोऑर्डिनेटर प्रो. मिथलेश यादव ने किया। इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल से काउंसलर सुमन ने छात्राओं को एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी दी। काउंसलर विनीता ने टीबी बीमारी की रोकथाम व उपचार को लेकर छात्राओं को जागरूक किया। काउंसलर रजनी ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर आरआरबी से काउंसलर पूनम भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्या ने प्रथम स्थान, सय्यम ने द्वितीय व भूमिका ने तृतीयa स्थान प्राप्त किया, जबकि शिक्षा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वाईआरसी टीम की डा. पिंकी शर्मा, डा. परवीन, रेनू एवं क्रांति ने योगदान दिया। सीनियर स्टाफ सदस्य डा. सुनीता यादव व डा. बबीता यादव ने पोस्टर मेंकिंग में निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर डा. रीना, गरिमा व पूजा सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

